Q1: कौन दर्ज (रजिस्टर) कर सकता है?

Q2: मुझे पंजीकरण क्यों करना चाहिए?

Q3: मैं एक निर्वाचक के रूप में कैसे दर्ज करूँ?

Q4: अगर मैं एक पंजीकृत निर्वाचक हूँ, तो मैं अपने पंजीकरण आवेदकों के परिवर्तन की सूचना कैसे करूँ, जैसे पंजीकृत पता, नाम, ईमेल पता और संपर्क फ़ोननंबर?

Q5: क्या नए मतदाता पंजीकरण और पंजीकरण आवेदकों को बदलने के लिए कोई समय सीमा है?

Q6: क्या मैं नए मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन पेशकरने के बाद तुरंत मतदान करने का हकदार हूं? / क्या मैं नए निर्वाचन क्षेत्र में और नए मतदान केंद्र पर मतदान करने का हकदार हूं, जब मैं तुरंत पंजीकृत पते के परिवर्तन की सूचना करता हूं?

Q7: दो नए संशोधित भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र मतदाता पंजीकरण अर्ज़ी REO-1 और REO-2 के बीच में क्या अंतर है? मुझे किस अर्ज़ी का उपयोग करना चाहिए?

Q8: मैंने कई वर्ष पहले एक आवेदन पत्र भरा है. क्या मुझे फिर से पंजीकरण करना होगा?

Q9: मैं केवल जुलाई 2021 के अंत में 18 साल प्राप्त करूँगा, लेकिन पंजीकरण की समय सीमा 2 मई 2021 है. क्या मैं अब एक निर्वाचक के रूप में रजिस्टर कर सकता हूँ?

Q10: मैं निकट भविष्य में एक नए घर मे जाऊंगा, क्या मुझे अब पंजीकरण और चुनाव कार्यालय को अपने नए घर के पते की सूचना देना चाहिए?

Q11: किस प्रकार के दस्तावेजों पता प्रमाण के रूप में स्वीकार किए जाते हैं?

Q12: यदि मैं पता प्रमाण के रूप में अपने नाम और आवासीय पते के साथ दस्तावेजों प्रदान नहीं कर सकता, तो मैं मान्यपता प्रमाण के रूप में कौन से वैकल्पिक दस्तावेजों पेश कर सकता हूँ?

Q13: यदि मेरा नया घर आवास विभाग के तहत सार्वजनिक किराये के आवास में एक फ्लैट है या होंगकाँग आवास संस्था के तहत रियायती वाले आवास है, तो जब मैं पते के परिवर्तन के लिए आवेदन करता हूं तो क्या मुझे पता प्रमाण आवश्यकता से छूट दी जा सकती है?

Q14: अगर मुझे पता है कि कोई मतदाता पंजीकरण के लिए गलत जानकारी प्रदान करता है, तो मैं सरकारी विभागों को कैसे सूचित करूँ?

Q15: यदि कोई व्यक्ति मतदाता पंजीकरण के लिए पंजीकरण और निर्वाचक कार्यालय को झूठा आवासीय पता प्रदान करता है, या पंजीकृत पते के परिवर्तन के लिए आवेदन करते समय धोखाधड़ी का पता प्रमाण दस्तावेज प्रदान करता है, और बाद में चुनाव में मतदान करता है, तो यह/वह किस कानून का उल्लंघन करेगा?

Q16: मैं मुख्य भूमि से एक नया आगमन हूँ. क्या मैं एक निर्वाचक के रूप में पंजीकृत कर सकता हूँ?

Q17: मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरे अभिलेखों निर्वाचकों के पंजी पर सही ढंग से दर्ज किए गए हैं?

Q18: क्या मेरे व्यक्तिगत आँकड़े के संभावित दुरुपयोग के खिलाफ कोई रक्षोपाय हैं?

Q19: मैं नए मतदाता पंजीकरण/पंजीकरण आवेदकों में परिवर्तन के लिए एक आवेदन पेश किया है. मुझे कैसे पता चलेगा कि पंजीकरण और निर्वाचन कर्यालय ने मेरे आवेदनको संसाधित किया है?

Q20: यदि मुझे मतदाता पंजीकरण के बारे में अधिक प्रश्न हैं तो मैं मदद के लिए किस विभाग से संपर्क करूँ?

Q1: कौन दर्ज (रजिस्टर) कर सकता है?

A1: यदि आप 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हाँगकाँग स्थायी निवासी हैं, और सामान्य तौर पर हाँगकाँग में रहते हैं, तो आप एक भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचक के रूप में साइन अप करने के लिए पात्र हैं।

वापस शीर्ष पर

Q2: मुझे पंजीकरण क्यों करना चाहिए?

A2: निर्वाचक के रूप में पंजीकृत होने के बाद ही आप विधानपरिषद और जिलापरिषद चुनावों में मतदान के अपने हक का प्रयोग कर सकते हैं। इन निकायों पर बैठने के लिए अपने प्रतिनिधि का चुनाव करना आपका अधिकार है। यदि आप चुनाव समिति उपक्षेत्र के चुनावों में मतदान करने के लिए योग्य हैं, तो आपको चुनाव में मतदान करने से पहले मतदाता के रूप में पंजीकरण करना होगा।

वापस शीर्ष पर

Q3: मैं एक निर्वाचक के रूप में कैसे दर्ज करूँ?

A3: यदि आप एक पंजीकृत निर्वाचक नहीं हैं और आप एक भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत होना चाहते हैं, तो आपको आवेदन पत्र "नए मतदाता पंजीकरण (भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्रों)" (REO-1) पूरा करना होगा।

- आप निम्नांकित तरीकों से "नए मतदाता पंजीकरण (भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्रों) (REO-1) के लिए आवेदन प्राप्त कर सकते हैं।

- इस वेबसाइट से डाउनलोड करके
- फैक्स द्वारा हॉटलाइन पर 2891 1001 कॉल करके और
- जिला कार्यालयों में, सार्वजनिक आवास सम्पदा के प्रबंधन कार्यालयों और पंजीकरण और चुनाव कार्यालय

पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय के पते:

10/F Harbour Centre

25 Harbour Road

Wan Chai

Hong Kong

13/F Kowloonbay International Trade & Exhibition Centre

1 Trademart Drive

Kowloon Bay

Kowloon

आवेदन पत्र को पूरा करने और हस्ताक्षर करने के बाद, आप पंजीकरण और निर्वाचक कार्यालय को डाक, फैक्स (फैक्सनंबर: 2891 1180) या ईमेल (ईमेल पता: form@reo.gov.hk) द्वारा अर्ज़ी पेश कर सकते हैं, या अर्ज़ी (और पता प्रमाण जहां लागू हो) पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय ऑनलाइन अपलोड प्लेटफार्म (www.reo-form.gov.hk) पर अपलोड कर सकते हैं।

यदि आपके पास हाँगकाँग पोस्ट या डिजी-साइन प्रमाणीकरण सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जारी वैध डिजिटल प्रमाण पत्र है (कृपया विवरण के लिए यहां क्लिक करें), तो आप GovHK परमत दाता पंजीकरण आवेदन के माध्यम से आवेदन ऑनलाइन में भी पेश कर सकते हैं।

यदि आप इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदाता पंजीकरण आवेदन पत्र जमा करना चाहते हैं, तो कृपया मतदाता पंजीकरण आवेदन पत्र डिजिटल"फाइल जमा करने पर मार्गदर्शन नोट" *(हाइपरलिंक के साथ https://www.reo.gov.hk/pdf/form/Guidance_Notes_for_Electronic_Submission(Eng).pdf)*

एक कार्यात्मक निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचक और एक चुनाव समिति उप क्षेत्र मतदाता के रूप में पंजीकृत करने के लिए, कृपया यहाँ क्लिक करें।

वापस शीर्ष पर

Q4: अगर मैं एक पंजीकृत निर्वाचक हूँ, तो मैं अपने पंजीकरण आवेदकों के परिवर्तन की सूचना कैसे करूँ, जैसे पंजीकृत पता, नाम, ईमेलपता और संपर्क फ़ोन नंबर?

A4: यदि आप एक पंजीकृत निर्वाचक हैं और आप पंजीकरण आवेदकों के परिवर्तन की सूचना करना चाहते हैं, तो आपको आवेदन पत्र "भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदाता द्वारा आवेदकों के परिवर्तन की सूचना" (REO-2) को पूरा करना होगा।

ध्यान: उचित विधायी आवश्यकता के अनुसार, पंजीकृत पते के परिवर्तन के लिए आवेदन पता प्रमाण के साथ समर्थित किया जाना चाहिए. आप स्वीकार्य प्रकार के पता प्रमाण के लिए A11 से A13 का उल्लेख कर सकते हैं।

आप "भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदाता द्वारा आवेदकों के परिवर्तन की सूचना" (REO-2) निम्नांकित तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं।

- इस वेबसाइट से डाउनलोड करके
- फैक्स द्वारा हॉटलाइन पर 2891 1001 कॉल करके और
- जिला कार्यालयों में, सार्वजनिक आवास सम्पदा के प्रबंधन कार्यालयों और पंजीकरण और चुनाव कार्यालय

पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय के पते:

10/F Harbour Centre

25 Harbour Road

Wan Chai

Hong Kong

13/F Kowloonbay International Trade & Exhibition Centre

1 Trademart Drive

Kowloon Bay

Kowloon

आवेदन पत्र को पूरा करने और हस्ताक्षर करने के बाद, आप पंजीकरण और निर्वाचक कार्यालय को डाक, फैक्स (फैक्स नंबर: 2891 1180) या ईमेल (ईमेल पता: form@reo.gov.hk) द्वारा पिछले तीन महीनों के भीतर जारी किए गए पते के प्रमाण के साथ अर्ज़ी पेश कर सकते हैं (आवासीय पते के परिवर्तन के लिए यह लागू हे), या अर्ज़ी (और पता प्रमाण जहां लागू हो) पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय ऑनलाइन अपलोड प्लेट फार्म (www.reo-form.gov.hk) पर अपलोड कर सकते हैं।

यदि आपके पास हाँगकाँग पोस्ट या डिजी-साइन प्रमाणी करण सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जारी वैध डिजिटल प्रमाणपत्र है (कृपया विवरण के लिए यहां क्लिक करें), तो आप GovHK पर मतदाता पंजीकरण आवेदन के माध्यम से आवेदन ऑनलाइन में भी पेश कर सकते हैं।

यदि आप इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदाता पंजीकरण आवेदन पत्र जमा करना चाहते हैं, तो कृपया मतदाता पंजीकरण आवेदन पत्र डिजिटल"फाइल जमा करने पर मार्गदर्शन नोट" *(हाइपरलिंक के साथ https://www.reo.gov.hk/pdf/form/Guidance_Notes_for_Electronic_Submission(Eng).pdf)*

उपरोक्त के अलावा, यदि आप एक पंजीकृत निर्वाचक हैं और आप उम्मीदवारों से चुनाव प्रचार गतिविधियों से संबंधित चुनाव मेल की प्राप्ति की सुविधा के लिए अपना ईमेल पता देना/अद्यतन करना चाहते हैं, तो आप पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय को उचित जानकारी हमारी वेबसाइट (http://www.osp.reo.gov.hk/index_e.html) के माध्यम से या ईमेल द्वारा (ईमेल पता: reoeng@reo.gov.hk) प्रदान कर सकते हैं) ।

वापस शीर्ष पर

Q5: क्या नए मतदाता पंजीकरण और पंजीकरण आवेदकों को बदलने के लिए कोई समय सीमा है?

A5: योग्यनिवासी/ पंजीकृत निर्वाचक वर्ष के किसी भी समय नए मतदाता पंजीकरण/ पंजीकरण आवेदकों में परिवर्तन की सूचना के लिए आवेदन पत्र पेश कर सकते हैं. तथापि, क्या वे अपने पंजीकरण संसाधित/ आवेदकों को सीचक्र में प्रकाशित होने वाले निर्वाचकों के रजिस्टर में अद्यतन करना चाहते हैं, उन्हें नीचे सूची बद्धसंबंधित सांविधिक समय सीमा पर या उससे पहले इस कार्यालय में आवेदन पत्र पेश करना चाहिए:

नया मतदाता पंजीकरण

जिला परिषद निर्वाचन वर्ष (उदाहरण 2023): **2 जुलाई**

गैर जिला परिषद चुनाव वर्ष (उदाहरण 2021, 2022 और 2024): **2 मई**

एक मतदाता द्वारा आवेदकों के परिवर्तन पर सूचना

जिला परिषद निर्वाचन वर्ष (उदाहरण 2023): **2 जून**

गैर जिला परिषद चुनाव वर्ष (उदाहरण 2021, 2022 और 2024): **2 अप्रैल**

यदि उपरोक्त समय-सीमा के बाद आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाते हैं, तो संबंधित निर्वाचकों के नाम और आवासीय पते केवल अगले कामतदाता पंजीकरण चक्र में प्रकाशित होने वाले निर्वाचकों के पंजिका में ही दर्ज/अद्यतन किए जा सकता है।

वापस शीर्ष पर

Q6: क्या मैं नए मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन पेशकरने के बाद तुरंत मतदान करने का हकदार हूं? / क्या मैं नए निर्वाचन क्षेत्र में और नए मतदान केंद्र पर मतदान करने का हकदार हूं, जब मैं तुरंत पंजीकृत पते के परिवर्तन की सूचना करता हूं?

A6: वर्तमान विधान के अनुसार, पंजीकरण और निर्वाचक कार्यालय निर्वाचन क्षेत्रों और मतदान केन्द्रों को वर्तमान मतदाताओं के अंतिम रजिस्टर में दर्ज जानकारी के अनुसार आवंटित करेगा, जो वर्ष में एक बार अद्यतन किया जाता है. यदि जुलाई 2021 में अगले अंतिम रजिस्टर के प्रकाशन से पहले कोई जिला परिषद या विधानपरिषद उप-चुनाव है, तो पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय जुलाई 2020 में प्रकाशित प्रचलित अंतिम रजिस्टर की जानकारी के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों और मतदान केंद्रों को आवंटित करेगा।

इसलिए, 2021 मतदाता पंजीकरण चक्र (यानी 3 मई 2020 से 2 मई 2021 तक) के भीतर नए मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन पेश करने वाले व्यक्तियों जुलाई 2021 में 2021 मतदाताओं का अंतिम रजिस्टर प्रकाशित होने के बाद ही चुनाव में मतदान करने के हकदार होंगे।

मतदाताओं जो 2021 मतदाता पंजीकरण चक्र (यानी 3 अप्रैल 2020 से 2 अप्रैल 2021 तक) के भीतर पंजीकृत पते के परिवर्तन के लिए आवेदन पत्र पेश करते हैं, और अगर जुलाई 2021 में मतदाताओं के अंतिम रजिस्टर के प्रकाशन से पहले एक उप-चुनाव होता हे तो, उन्हें पुराने पते (यानी मतदाताओं के

2020 अंतिम रजिस्टर में दर्ज पते) के आधार पर निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए आवंटित किया जायेगा।

वापस शीर्ष पर

Q7: दो नए संशोधित भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र मतदाता पंजीकरण अर्ज़ी REO-1 और REO-2 के बीच में क्या अंतर है? मुझे किस अर्ज़ी का उपयोग करना चाहिए?

A7: जनता के सदस्यों को संबंधित आवेदन पत्र का उपयोग इस आधार पर करना चाहिए कि वे पंजीकृत निर्वाचक हैं या नहीं. जनता का एक सदस्य जो अभी तक पंजीकृत मतदाता नहीं है, लेकिन एक भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत करना चाहता है तो "नए मतदाता पंजीकरण (भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्रों) के लिए आवेदन" (REO-1) का उपयोग करना चाहिए. एक पंजीकृत निर्वाचक, जिसे अपने पंजीकरण विवरण के परिवर्तन की सूचना करने की आवश्यकता है, तो उसको "भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदाता द्वारा आवेदकों के परिवर्तन की सूचना" (REO-2) का उपयोग करना चाहिए।

आप ऑनलाइन मतदाता सूचना पूछताछ प्रणाली (www.voterinfo.gov.hk) में लॉग इन कर सकते हैं या 28911001 पर पंजीकरण और निर्वाचक कार्यालय हॉटलाइन पर कॉल कर सकते हैं यह जाँचने के लिए कि क्या आप एक पंजीकृत निर्वाचक हैं, या आपके पंजीकरण आवेदकों सही हैं या नहीं।

वापस शीर्ष पर

Q8: मैंने कई वर्ष पहले एक आवेदन पत्र भरा है. क्या मुझे फिर से पंजीकरण करना होगा?

A8: प्रचलित रजिस्टर पर निर्वाचकों को फिर से पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है। आप ऑनलाइन मतदाता सूचना पूछताछ प्रणाली (www.voterinfo.gov.hk) में लॉगइन कर सकते हैं या 2891 1001 परपंजीकरण और निर्वाचक कार्यालय हॉटलाइन पर कॉल कर सकते हैं यह जाँचने के लिए कि क्या आपके पंजीकरण आवेदकों सही हैं या नहीं।

मतदाताओं जिनकी पंजीकरण आवेदकों गलत हे, उनकी पंजीकरण स्थिति और मतदान करने की पात्रता प्रभावित हो सकता है. कृपया "भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदाता द्वारा आवेदकों के परिवर्तन की सूचना" (REO-2) को पूरा करें और पिछले तीन महीनों के भीतर जारी किए गए पते के प्रमाण (आवासीय पते के परिवर्तन के लिए यह लागू हे) के साथ हस्ताक्षरित और पूर्ण अर्ज़ी आर ई ओ को पेश करें, ताकि आपके पंजीकरण विवरण में किसी भी परिवर्तन विशेष रूप से आवासीय पते को आर ई ओ अपने अभिलेखों को अद्यतन कर सकते हैं।

वापस शीर्ष पर

Q9: मैं केवल जुलाई 2021 के अंत में 18 साल प्राप्त करूँगा, लेकिन पंजीकरण की समय सीमा 2 मई 2021 है. क्या मैं अब एक निर्वाचक के रूप में रजिस्टर कर सकता हूँ?

A9: यदि आप 25 जुलाई 2021 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते हैं, जब 2021 के लिए अंतिम रजिस्टर प्रकाशित किया जाता है, और यदि आप होंगकाँग के स्थायी निवासी हैं, तो आप अब निर्वाचक के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

[वापस शीर्ष पर]

Q10: मैं निकट भविष्य में एक नए घर में जाऊंगा, क्या मुझे अब पंजीकरण और चुनाव कार्यालयको अपने नए घर के पते की सूचना देना चाहिए?

A10: आपको "भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदाता द्वारा आवेदकों के परिवर्तन की सूचना" (REO-2) को पूरा करना चाहिए और घर बदलने के बाद, पिछले तीन महीनों के भीतर जारी किए गए पते के प्रमाण के साथ हस्ताक्षरित और पूर्ण अर्ज़ी को पंजीकरण और निर्वाचक कार्यालय में पेश करना चाहिए. यदि आप 2021 मतदाता पंजीकरण चक्र (यानी 2 अप्रैल 2021 को या उससे पहले) के पंजीकरण आवेदकों के परिवर्तन पर रिपोर्ट के लिए वैधानिक समय सीमा से पहले पंजीकृत पते को बदलने के लिए आवेदन पेश करते हैं, तो आपका नया पता आपका नया पता 2021 के मतदाताओं के लिए अंतिम रजिस्टर में परिलक्षित होगा।

[वापस शीर्ष पर]

Q11: किस प्रकार के दस्तावेजों पताप्रमाण के रूप में स्वीकार किए जाते हैं?

A11: पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालयनी चे दिए गए पिछले तीन महीनों के भीतर (पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्राप्ति की तिथि अर्ज़ी पेश करने की तिथि के रूप में अपनाई जाएगी) जारी किए गए दस्तावेजों को स्वीकार करता है जो पता के वैधप्रमाण के रूप में जारी करने की तारीख और संगठन का नाम वहन करते हैं. संबंधित दस्तावेजों में निर्वाचक का नाम और प्रमुख आवासीय पता (दस्तावेज़ पर मुद्रितनाम और पता आवेदन पत्र में दिए गए विवरण के समान होना चाहिए) भी होना चाहिए:

1. सार्वजनिक निकायों द्वारा जारी बिल या चालान (उदाहरण: पानी, बिजली या टाउनगैस सेवाओं के लिए उपयोगिता बिल);
2. सरकारी विभागों या न्यायपालिका से पत्र व्यवहार;
3. बैंकों, बीमाकंपनियों द्वारा जारी किए गए विवरण या पत्रव्यवहारया अनिवार्य भविष्य निधि अनुमोदित न्यासी;
4. लैंड लाइन टेलीफोन, मोबाइल फोन, सशुल्क टेलीविजनया इंटरनेट सेवाओं के बिल;
5. स्थानीय माध्यमिक संस्थानों द्वारा जारी किए गए दस्तावेज या बिल जो मतदाता के आवासीय पते की पुष्टि करने पर निर्भरता रख सकते हैं;
6. वैध और "स्टैम्प्ड" (स्टाम्प शुल्क के लिए) किरायेदारी समझौता (आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से पहले 3 महीने के भीतर जारी किए जाने की कसौटी अनिवार्य नहीं है लेकिन ऐसे किरायेदारी आवेदन की तारीख को समाविष्ट करना चाहिए); या

7. अस्पताल प्राधिकरण, आवास विभाग, हांगकांग आवास संस्था, हांगकांग परीक्षा और मूल्यांकन प्राधिकरण, आदि जैसे सार्वजनिक संगठनों द्वारा जारी किए गए बिल, पत्र व्यवहार या अन्य दस्तावेज।

वापस शीर्ष पर

Q12: यदि मैं पता प्रमाण के रूप में अपने नाम और आवासीय पते के साथ दस्तावेजों प्रदान नहीं कर सकता, तो मैं मान्यपता प्रमाण के रूप में कौन से वैकल्पिक दस्तावेजों पेश कर सकता हूँ?

A12: निर्वाचक के स्वयं के पते के प्रमाण के अलावा, पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय नीचे दिए गए पिछले तीन महीनों के भीतर (पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्राप्ति की तिथि अर्ज़ी पेश करने की तिथि के रूप में अपनाई जाएगी) जारी किए गए दस्तावेजों को स्वीकार करता है जो पता के वैध प्रमाण के रूप में जारी करने की तारीख और संगठन का नाम वहन करते हैं:

- एक पता प्रमाण जिसमें निर्वाचक के साथ रहने वाले व्यक्ति का नाम और आवासीय पता है, और निर्वाचक द्वारा हस्ताक्षरि एक घोषणा जो यह पुष्टि करने के लिए है कि ऐसा दूसरा व्यक्ति ऊपर के पते पर निर्वाचक के साथ रह रहा है और संलग्न पता प्रमाण एक पूर्ण प्रामाणिक प्रतिलिपि या मूल की सही प्रतिलिपि है. घोषणा का नमूना पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है (http://www.reo.gov.hk/en/voter/ap.htm).

- यदि निर्वाचक ऊपर सूचीबद्ध कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं है, तो शपथ और घोषणा अध्यादेश (कॅप.11) के आधार पर पते पर रहने के दावे को प्रमाणित करने के लिए, पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय भी शपथ के लिए एक आयुक्त/ एक पेशेवर वकील/ एक शांति का न्यायाधीश के सामने किए गए निर्वाचक द्वारा प्रदान की गई एक सांविधिक घोषणा स्वीकार करता है. सांविधिक घोषणाएं करने के लिए निशुल्क सेवा जिला कार्यालयों में उपलब्ध है। सांविधिक घोषणाओं का नमूना पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है (http: //www.reo.gov.hk/en/voter/ap.htm) ।

वापस शीर्ष पर

Q13: यदि मेरा नया घर आवास विभाग के तहत सार्वजनिक किराये के आवास में एक फ्लैट है या होंगकाँग आवास संस्था के तहत रियायती वाले आवास है, तो जब मैं पते के परिवर्तन के लिए आवेदन करता हूं तो क्या मुझे पता प्रमाण आवश्यकता से छूट दी जा सकती है?

A13: उन मतदाताओं के लिए जो आवास विभाग के तहत सार्वजनिक किराये के आवास के अधिकृत निवासी हैं या हांगकांग हाउसिंग संस्था के तहत रियायती वाले आवास की किरायेदारी में पंजीकृत निवासियों जब पंजीकृत पते को बदलने के लिए आवेदन किया है, और यह कि किरायेदारी रिकॉर्ड में

पते निर्वाचकों द्वारा प्रदान किए गए आवासीय पतों से मेल खाते हैं, ऐसे निर्वाचकों के लिए पता प्रमाण आवश्यकता से छूट दी जा सकती है।

हालांकि, गृह स्वामित्व योजना के तहत आवास इकाइयों के निवासियों, ग्रीन फार्म रियायती वाले गृह स्वामित्व योजना या सार्वजनिक आवास इकाइयों, जिन्हें बेचा गया है (उदाहरण. किरायेदारों की खरीद योजना के तहत फ्लैट), छूट के दायरे से बाहर आते हैं और संबंधित मतदाताओं को वैध पता प्रमाण प्रदान करना चाहिए।

ऐसे मामलों के लिए जहां निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी संबंधितवि भाग/संगठन के साथ मिलान किए गए डेटा में निर्वाचक के पते की जानकारी को पार नहीं कर सकता है, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी निर्वाचक कार्य आयोग (निर्वाचकों का पंजीकरण) (विधान परिषद भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्र) (जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र) विनियमन (कॅप.541A) की धारा 10A के अंतर्गत पंजीकृत पते को बदलने के लिए आवेदन करते समय पता प्रमाण प्रदान करने का अनुरोध कर सकता है।

वापस शीर्ष पर

Q14: अगर मुझे पता है कि कोई मतदाता पंजीकरण के लिए गलत जानकारी प्रदान करता है, तो मैं सरकारी विभागों को कैसे सूचित करूँ?

A14: मतदाता पंजीकरण की मौजूदा व्यवस्था व्यक्तियों को पंजीकरण करने की सुविधा प्रदान करने के लिए ईमानदारी से प्रस्तुत करने के तंत्र पर निर्भर है. पंजीकरण या पंजीकृत निर्वाचकों के लिए पात्र व्यक्तियों को पंजीकरण या पंजीकरण विवरण के परिवर्तन की सूचना करने में सही और सटीक जानकारी प्रदान करनी चाहिए। यदि जनता के सदस्यों को संदिग्ध मामले सामनेआते हैं, तो वे पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं जो तुरंत अनुवर्ती कार्रवाई करेगा और मामलों को जांच के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भेजेगा. आम जनता को कानूनों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए।

वापस शीर्ष पर

Q15: यदि कोई व्यक्ति मतदाता पंजीकरण के लिए पंजीकरण और निर्वाचक कार्यालय को झूठा आवासीय पता प्रदान करता है, या पंजीकृत पते के परिवर्तन के लिए आवेदन करते समय धोखाधड़ी का पता प्रमाण दस्तावेज प्रदान करता है, और बाद में चुनाव में मतदान करता है, तो यह/वह किस कानून का उल्लंघन करेगा?

A15: एक व्यक्ति जो जानबूझ कर या लापरवाही से पंजीकरण और चुनाव कार्यालय को झूठी या भ्रामक जानकारी (उदाहरण. झूठी आवासीय पता) देता है, इसके बावजूद कि वह व्यक्ति चुनाव में मतदान करता है या नहीं, कानून के तहत अपराध करता है. यदि व्यक्ति बाद में किसी चुनाव में मतदान करता है, तो वह भ्रष्टाचार के खिलाफ स्वतंत्र आयोग द्वारा लागू किए गए चुनाव (भ्रष्टाचार और अवैध आचरण)

अध्यादेश (कॅप. 554) की धारा 16 का उल्लंघन करेगा। अधिकतम दण्ड $ 500,000 का जुर्माना और 7 साल के लिए कारावास है।

इसके अतिरिक्त, यदि कोई निर्वाचक इस आशय से धोखाधड़ीपूर्ण पता प्रमाण प्रदान करता है कि निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी उसे पते के वैध प्रमाण के रूप में स्वीकार करेगा, तो उसने जालसाजी का अपराध किया है. अपराध अध्यादेश (कॅप.200) की धारा 71 के अनुसार, जालसाजी का अपराध करने वाला व्यक्ति 14 वर्ष की कैद की सजा के लिए दोषी ठहराया जाता है।

वापस शीर्ष पर

Q16: मैं मुख्य भूमि से एक नया आगमन हूँ।क्या मैं एक निर्वाचक के रूप में पंजीकृत कर सकता हूँ?

A16: 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी हांगकांग स्थायी निवासी जो आम तौर पर हांगकांग में रहते हैं, एक निर्वाचक के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

वापस शीर्ष पर

Q17: मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरे अभिलेखों निर्वाचकों के पंजी पर सही ढंग से दर्ज किए गए हैं?

A17: 2020 के लिए निर्वाचकों का अंतिम रजिस्टर 25 जुलाई 2020 से सार्वजनिक निरीक्षण के लिये नि:शुल्क प्रकाशित किया जाता है।पंजीकृत मतदाता यह जांच कर सकते हैं कि उनके पंजीकरण आवेदकों सही ढंग से निर्वाचकों के रजिस्टर में दर्ज किए गए हैं या नहीं। आप ऑनलाइन मतदाता सूचना पूछताछ प्रणाली (www.voterinfo.gov.hk) के माध्यम से अपने नवीनतम पंजीकरण आवेदकों की जांच कर सकते हैं या 2891 1001 पर पंजीकरण और निर्वाचक कार्यालय हॉट लाइन पर कॉल कर सकते हैं।

वापस शीर्ष पर

Q18: क्या मेरे व्यक्तिगत आँकड़े के संभावित दुरुपयोग के खिलाफ कोई रक्षोपाय हैं?

A18: आपको आश्वासन दिया जाता है कि एक निर्वाचक द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी का उपयोग केवल मतदाता पंजीकरण और चुनाव से संबंधित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय ने यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव साधन अपनाया है कि ऐसे डेटा का दुरुपयोग नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक निरीक्षण के लिए प्रकाशित किए गए रजिस्टरों में केवल पंजीकृत व्यक्तियों का नाम और आवासीय पता होता है लेकिन उनकी पहचान पत्र नंबर या संपर्क टेलीफोन नंबर नहीं होता है। चुनाव से संबंधित किसी उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए किसी रजिस्टर पर किसी भी जानकारी का उपयोग करना वर्तमान चुनाव कानून के तहत एक अपराध है, और स्तर 2 पर जुर्माना और 6 महीने के लिए कारावास के लिए उत्तरदायी है।

वापस शीर्ष पर

Q19: मैं नए मतदाता पंजीकरण/पंजीकरण आवेदकों में परिवर्तन के लिए एक आवेदन पेश किया है। मुझे कैसे पता चलेगा कि पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय ने मेरे आवेदन को संसाधित किया है?

A19: पंजीकरण और निर्वाचन कार्यालय नए मतदाता पंजीकरण या पंजीकरण आवेदकों के परिवर्तन के लिए आवेदन संसाधित करने के बाद डाक द्वारा लिखित पंजीकरण सूचना जारी करेगा। लिखितपंजीकरणसूचनाकेअलावा, पंजीकरण आवेदकों के परिवर्तन की सूचना देने वाले निर्वाचकों को एसएमएस/ईमेल (यदि निर्वाचक ने ऐसी जानकारी प्रदान की है) द्वारा भी सूचित किया जाएगा कि उनके पंजीकरण आवेदकों को अद्यतन किया गया है. मतदाता अपने स्वयं के रिकॉर्ड की जांच करने के लिए www.voterinfo.gov.hk के माध्यम से "ऑनलाइन मतदाता सूचना पूछताछ प्रणाली" पर भी लॉगऑन कर सकते हैं।

वापस शीर्ष पर

Q20: यदि मुझे मतदाता पंजीकरण के बारे में अधिक प्रश्न हैं तो मैं मदद के लिए किस विभाग से संपर्क करूँ?

A20: पूछताछ के लिए, आप 28911001 परपंजीकरण और निर्वाचक कार्यालय हॉटलाइन फोन या अधिक जानकारी के लिए reoenq@reo.gov.hkपर हमें ईमेल करने के लिए स्वागत है।

वापस शीर्ष पर